हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 28 दिसंबर 2024

## विश्व जागृति मिशन की विशेष सभा कल

**नागपुर.** गुरुवर सुधांशुजी महाराज का नागपुर में रजत महोत्सव विराट भक्ति सत्संग 8 से 12 जनवरी तक रेशिमबाग मैदान में होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में रविवार 29 दिसंबर को झूलेलाल मंदिर, गांधी सागर के पास, तिलक पुतला, महल में दोपहर 3 से 6 बजे तक विराट भक्ति सत्संग की विशेष सभा व सत्संग का आयोजन किया गया है। सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर विराट भक्ति सत्संग कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण विविध समितियों का गठन किया जाएगा। विश्व जागृति मिशन नागपुर मंडल के सभी पदाधिकारी, महिला समिति सदस्य, युवा क्रांति दल सदस्य व सभी कार्यकर्ताओं, सभी गुरु- भाई बहन से सभा में उपस्थिति की अपील विश्व जागृति मिशन की नागपुर शाखा ने की है।

# ब्रिटिश शासकों ने भारत के इतिहास को विकृत किया: डॉ. भागवत

> 21वीं सदी में शिक्षकों की भूमिका' पर आयोजित कार्यक्रम में बयान



**नागपुर.**


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि भारत के ब्रिटिश शासकों ने देश के इतिहास को विकृत करके यह संदेश दिया कि स्थानीय लोग अकेले शासन करने योग्य नहीं हैं। 1857 में ब्रिटिश शासकों को एहसास हुआ कि असंख्य जातियों, संप्रदायों, भाषाओं, भौगोलिक असमानताओं और भारतीयों के आपस में लड़ने के बावजूद वे एकजुट रहते हैं। ब्रिटिश शासकों ने कुछ ऐसा करने का फैसला किया, जिससे भारतीयों की यह विशेषता समाप्त हो जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ब्रिटिश शासन हमेशा बना रहे। उनका उद्देश्य भारतीयों को उनके इतिहास, पूर्वजों और गौरवशाली विरासत को भूलाना था। इस उद्देश्य के लिए अंग्रेजों ने तथ्यों की आड़ में हमारे दिमाग में कई असत्य भर दिए। डॉ. भागवत नागपुर में गुरुवार को सोमलवार शिक्षण संस्थान के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर '21वीं सदी में शिक्षकों की भूमिका' पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### सबसे बड़ा झूठ

डॉ. भागवत ने कहा कि सबसे बड़ा झूठ यह है कि भारत में अधिकांश लोग बाहर से आए हैं। ऐसा ही एक झूठ यह है कि भारत पर आर्यों ने आक्रमण किया था, जिन्होंने द्रविड़ों से युद्ध किया था। उन्होंने यह प्रचार किया कि भारतीयों के खून में अकेले शासन करना नहीं है और यहां के लोग धर्मशालाओं में रहने वालों की तरह रहते हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया।

## हजरत बाबा ताजुद्दीन की छब्बीसवीं कल

**नागपुर.**



हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं शरीफ रविवार, 29 दिसंबर को ताजाबाद दरगाह परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सुबह 9 बजे ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी की रस्म अदा की जाएगी, जिसके बाद दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में परचम कुशाई की रस्म होगी। इसके पश्चात सलातो सलाम पढ़े जाएंगे और ताजाबाद शाही मस्जिद के इमाम साहब द्वारा विश्व शांति के लिए सामूहिक दुआ की जाएगी। इस मौके पर सूफियाना कव्वाली, मिलाद शरीफ सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे, और श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया जाएगा। हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, हाजी इमरान खान ताज़ी, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला, बाबा ताजुद्दीन दरगाह खुद्दाम ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताज़ी आदि ने सभी अकीदतमंदों से छब्बीसवीं शरीफ में भाग लेने का आह्वान किया है।

## पंजाबराव देशमुख की 126वीं जयंती मनाई

**नागपुर.**

प्रथम कृषि मंत्री, कृषि के जनक डॉ. पंजाबराव देशमुख एवं महर्षि डॉ. पंजाबराव देशमुख की 126वीं जयंती महाराज बाग चौक, नागपुर में मनाई गई। माननीय अमलदार डॉ. परिणय फुके, किशोर जिचकर, पूर्व नगर सेवक, प्राचार्य बबनराव तिवाड़े, बहुजन विखा मंच के मुख्य संगठक नरेंद्र जिचकर, ओबीसी फेडरेशन के प्रोफेसर शरद वानखेड़े, परमेश्वर राऊत, नरेश बर्डे, घनश्याम मांगे, प्रणय पराते, दिलीप मोहितकर, नाना अकेरे, अन्नत भारसागड़े, गणेश्वर अरेकर, विनोद इंगोले और अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



## नागपुर स्मार्ट सिटी बनने के बाद अपराध दर में 14 प्रतिशत की कमी

>नगर निगम स्कूलों में स्मार्ट सिटी के माध्यम से 60 स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण




**नागपुर.**

स्मार्ट सिटी मिशन ( एससीएम ) के हिस्से के रूप में , नागपुर ने शहरी सुरक्षा और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रगति की है है आईआईएम बेंगलुरु जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किए गए गहन प्रभाव आकलन के अनुसार , स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और समाधानों से नागपुर के नागरिकों को लाभ हुआ है । आईआईएम बैंग लोर द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार , नागपुर जैसे स्मार्ट शहरों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईआईएम बैंग लोर की एक रिपोर्ट के अनुसार , नागपुर में निगरानी उपायों के कार्यान्वयन के बाद कुल अपराध दर में 14 प्रतिशत की कमी आई है । नागपुर की सफलता ने अन्य शहरों के लिए शहरी सुरक्षा में सुधार और सुरक्षित , अधिक समावेशी सार्वजनिक स्थान विकसित करने के लिए एक मिसाल कायम की है ।

नवंबर 2023 में स्मार्ट सिटी मिशन ( एससीएम) के तहत "स्मार्ट सिटी मिशन: सार- समीक्षा '' श्रृंखला शुरू की गई देश के 29 अग्रणी संस्थानों द्वारा स्मार्ट शहरों पर विभिन्न विषयों पर 50 राष्ट्रीय स्तर के प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन आयोजित किए गए। इसमें आईआईएम बेंगलुरु संस्थान ने " भारत के स्मार्ट शहरों में स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से अपराध की घटनाओं और गुणवत्ता में सुधार पर वास्तविक समय की ट्रैकिंग के प्रभाव पर एक अध्ययन। नागपुर स्मार्ट एंड सस्टेनेबल सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( एनएसएससीडीसीएल) ने शहरी सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है । खासकर आपराधिक मामलों में 14 प्रतिशत का कमी आई है। आईआईएम बैंग लोर के एक मूल्यांकन अध्ययन के अनुसार , 93 स्मार्ट शहरों में से 59,802 सीसीटीवी कैमरे और आपातकालीन कॉल बॉक्स स्थापित किए गए हैं । इसके परिणामस्वरूप एक सुरक्षित शहरी वातावरण प्राप्त हुआ है। इन निगरानी प्रणालियों ने पुलिस कार्रवाई को और अधिक साक्ष्य- आधारित बनाकर देश भर में पुलिस प्रणाली को मजबूत किया है । सतर्कता उपायों के कार्यान्वयन के बाद नागपुर में कुल अपराध दर में 14 प्रतिशत की कमी देखी गई है। शहर में 4000 से ज्यादा सीसीटीवी हैं इसमें कैमरे लगे हुए हैं ' एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र ' ( आईसीसीसी) वास्तविक समय निगरानी प्रणाली सहित। इस योजना से अपराधों को रोकने में कानून प्रवर्तन में मदद मिली है। इन प्रयासों से पिछले पांच वर्षों में 7,000 से अधिक अपराधों को सुलझाने में मदद मिली है। इस योजना से नागपुर में महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा हुई है। नागपुर ने अपने शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आईआईएम बैंग लोर की रिपोर्ट के मुताबिक , नागपुर ने 6 स्मार्ट स्कूलों में 60 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए हैं । इससे स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। इन स्कूलों में शैक्षणिक सामग्री चार अलग-अलग भाषाओं मराठी , अंग्रेजी , हिंदी और उर्दू में उपलब्ध है। राष्ट्रीय स्तर के एक अध्ययन के अनुसार , 71 शहरों में 9,433 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं । जिससे सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है .

स्मार्ट क्लासरूम के अलावा डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है । जो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराता है। नागपुर में, स्मार्ट कार्ड ने पुस्तकालय का उपयोग आसान बना दिया है । जो छात्र पुस्तकों तक त्वरित पहुंच को सक्षम बनाता है। नागपुर स्मार्ट सिटी ने तीन पुस्तकालयों में स्मार्ट कार्ड प्रणाली लागू की है । जहां बच्चों के लिए विशेष अध्ययन कक्ष तैयार किए जाते हैं किया गया है ।

# यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्टेडियम निर्माण कार्य में तेजी



**नागपुर.**

महाराष्ट्र का पहला मल्टी स्टोरी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रवि नगर स्थित यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सूभेदार हॉल के पीछे जल्द ही यह भव्य इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के शताब्दी महोत्सव के अवसर पर यह स्टेडियम निर्मित किया जा रहा है। इस इंडोर स्टेडियम के काम में तेजी आ गई है और पहली मंजिल का आरसीसी फ्रेम स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है।

नागपुर विश्वविद्यालय ने नागपुर और विदर्भ के खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने की पहल की है। महाराष्ट्र सरकार ने शताब्दी महोत्सव के तहत विभिन्न सुविधाएं बढ़ाने के लिए विद्यापीठ को 100 करोड़ का अनुदान दिया है। इसमें से 44 करोड़ में मल्टी स्टोरी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम साकार होगा। स्टेडियम के लिए सरकार ने 20 करोड़ की निधि विश्वविद्यालयको दी है। वह निधि लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू किया गया। हाल ही में हुई सीनेट सभा में सदस्य डॉ. संदीप गायकवाड़ ने इंडोर स्टेडियम के कार्य की स्थिति के बारे में सवाल पूछा। इसके जवाब में नागपुर विश्वविद्यालय ने बताया कि, स्टेडियम की पहली मंजिल का आरसीसी फ्रेम स्ट्रक्चर का काम पूरा हो गया है और दूसरी मंजिल का काम शुरू है। निर्माण कार्य की तेजी के चलते जल्द ही स्टेडियम का काम पूरा होने की संभावना जताई जा रही है।

### 10 खेलों की प्रतियोगिताएं हो सकेंगी

यह मल्टी स्टोरी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम 10 खेलों के लिए होगा। दिन-रात 10 खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जा सकंगी तथा अभ्यास के लिए इंडोर स्टेडियम भी उपलब्ध रहेगा। इस इंडोर स्टेडियम में बास्केटबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक, इनडोर कबड्डी, जूडो, वुशू, बैडमिंटन, स्क्वैश, कुश्ती आदि की सुविधाएं होंगी।

### खिलाड़ियों के होंगे म्युरल्स

मल्टी स्टोरी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम में कैफेटेरिया, मीटिंग हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रशासकीय कार्यालय, जिम्नेशियम और पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र की सुविधाएं होंगी। साथ ही स्टेडियम में अर्जुन, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के म्युरल्स लगाए जाएंगे।

## पत्थर से कुचलकर साथी को उतारा मौत के घाट


> हत्या के बाद थाने में किया आत्मसमर्पण



**नागपुर.** अजनी पुलिस थाना अंतर्गत एक अपराधी ने पैसों के विवाद के चलते अपने ही दोस्त की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। इस हत्या के बाद हालांकि आरोपी पुलिस थाने पहुंच गया और आत्म समर्पण कर दिया। बताया जा रहा है कि 2 महीने पहले ही यह अपराधी हत्या के एक मामले में जेल से छूटकर बाहर आया था और पैसों के लिए अपने दोस्त को तंग कर रहा था।

अजनी पुलिस थाना अंतर्गत रेलवे क्वार्टर परिसर स्थित अविनाश ग्राउंड के पास बीती रात यह हत्या की वारदात हुई। मृतक म्हालगी नगर निवासी कुलदीप राजेंद्र सिंग़ चव्हाण (34) था जिसकी हत्या आरोपी रीचेश दीपक शिक्कवार (34) साईं नगर 02, म्हालगी नगर निवासी ने पत्थर से कुचलकर की थी। कुलदीप और रिचेश की पुरानी जान पहचान थी और वे दोनों दोस्त हैं। इन दोनों को ही शराब पीने की लत थी। दो महीने पहले ही रिचेश नंदनवन के एक हत्या के मामले में जेल से छूट कर बाहर आया है।उसके बाद से ही वह कुलदीप को पैसे मांग रहा था। दरअसल कुलदीप भी अपराधिक प्रवृत्ति का था चोरी और राइट जैसे मामले उसके खिलाफ दर्ज हैं।बीती रात भी इन दोनों ने साथ में बैठकर शराब पी और बाद में रिचेश ने कुलदीप से पैसों के लिए विवाद किया। पैसे देने से इनकार करने पर बाद में पत्थर से कुलदीप का सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद रिचेश अजनी पुलिस थाने पहुंच गया और हत्या करने की बात पुलिस को बताई। जिसे सुनकर पुलिस के कान खड़े हो गए।

बाद में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कुलदीप के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेजा और हत्या के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रिचेश को गिरफ्तार कर लिया। अजनी पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।




## तेज रफ्तार ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर

**नागपुर.** यशोधरानगर थाना क्षेत्र में तड़के 5:30 बजे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान मंसाराम भगवानसिंह भदौरिया (45) के रूप में हुई है, जो कि नाईक तालाब, बांग्लादेश के निवासी थे। वे अपनी बाइक (एमएच49/बीवाय-4454) पर अनुज मुरारीलाल झा (27) और गिरीराज झा (40) के साथ जा रहे थे। तीनों लोग एक शादी समारोह में पानीपुरी ठेला लगाने का काम करते थे। जब वे आटोमोटिव चौक के पास पहुंचे, तभी सफेद रंग के ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तुरंत मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# सेवानिवृत्त शिक्षकों के 10 करोड़ रुपए जिला परिषद पर बकाया

## > 5 साल से नहीं मिली समूह बीमा की रकम

**नागपुर.**

जिला परिषद शिक्षा विभाग की अपने ही सेवानिवृत्तों के साथ मनमानी उजागर हुई है। प्राथमिक शिक्षा विभाग में 400 से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों व केंद्र प्रमुखों का 10 करोड़ रुपए बकाया है। सेवानिवृत्ति पश्चात देय उपदान व अंशदान 3 साल से और समूह बीमा की रकम 5 साल से नहीं मिलने की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सेवानिवृत्ति वेतन के लिए पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्त होने पर उपदान तथा अंशदान का हकदार माना जाता है। जिस दिन कर्मचारी सेवानिवृत्त होता है, उसी दिन यह रकम एकमुश्त देना अपेक्षित है। उसी के साथ समूह बीमा की रकम सेवानिवृत्ति की तारीख से 3 महीने के भीतर दी जानी चाहिए। सेवानिवृत्त होने के 3 साल



बाद भी उपदान और अंशदान की रकम का भुगतान नहीं हुआ।

समूह बीमा की रकम 5 साल से नहीं मिली। छठवें और सातवें वेतन आयोग और महंगाई भत्ते की किश्तों का भी भुगतान लटका रहने से सेवानिवृत्त शिक्षकों में जिला परिषद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में रोष है।

**न्याय की लगाई गुहार**

सभी बकाया तत्काल अदा करने की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिप अध्यक्ष मुक्ता कोकड्डे, उपाध्यक्ष कुंदा राऊत, शिक्षण सभापति राजकुमार कुसुंबे, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी विपुल जाधव को ज्ञापन सौंपा गया। उनकी मांग पर कहीं से सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिलने की भावना महाराष्ट्र नवनिर्माण शिक्षक शिक्षकेत्तर सेना के राज्य महासचिव शरद भांडारकर, विभागीय सचिव देविदास कालाने, जिला सचिव मनोज घोड़के ने व्यक्त की। प्राथमिक शिक्षणाधिकारी सिद्धेश्वर कालुसे से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल में देविदास कालाने, मनोज घोड़के, जनार्दन सवाई, दिनकर वानोड़े, सुधीर सोनटक्के, दिलीप शहारे, प्रवीण मेश्राम, दिलीप शेंडे, वामन सोमकुंवर, विजय बरडे, पुरुषोत्तक चिमोटे, सुभाष घवघवे, शीला लोखंडे आदि का समावेश रहा।

# इंड्यूरंस नागपुर जिला चैंपियनशिप का उमरेड में आयोजन

**जिले के 224 स्केटर्स ने लिया हिस्सा**

**उमरेड.**

नागपुर जिले के उमरेड में हाल ही में इंड्यूरंस नागपुर जिला चैंपियनशिप का भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता नागपुर जिला इंड्यूरंस एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। इस जिला स्तरीय स्पर्धा में नागपुर शहर, नागपुर ग्रामीण, उमरेड, सावनेर, काटोल, कळमेश्वर, हिंगणा और कामठी के कुल 224 स्केटर्स ने हिस्सा लिया।

यह प्रतियोगिता उमरेड स्केटिंग अकादमी के मैदान में संपन्न हुई, जिसमें 5 वर्ष से लेकर 16 वर्ष से ऊपर तक के स्केटर्स ने भाग लिया। स्पर्धा में कुल 9 आयु वर्ग और 6 विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले हुए। प्रतिभागी स्केटर्स ने अपनी इंड्यूरंस प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। सभी आयु वर्गों में पहले 5 विजेताओं को आकर्षक गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल्स से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सभी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र भी प्रदान किए गए।


इस स्पर्धा के विजेताओं का चयन 11 और 12 जनवरी 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाली इंड्यूरंस राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए नागपुर जिला



टीम में किया गया है। स्पर्धा का उद्घाटन नगर परिषद उमरेड के पूर्व बांधकाम सभापति सतीश चौधरी और आ.ला. वाघमारे प्राथमिक शाला के मुख्याध्यापक सुरेश कडू ने किया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उमरेड स्केटिंग अकादमी ने सबसे ज्यादा 37 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। स्पर्धा के सफल आयोजन में इंड्यूरंस नागपुर जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष और इंटरनेशनल रेफरी श्री रवींद्र मिसाल, उपाध्यक्ष आदित्य परमार, सचिव कुणाल बेले, कोषाध्यक्ष शैलेश ढोबले सहित विभा मिसाल, रोशनी काटेकर, सप्रेम धोटे, जनक पाठक, प्रमोद जलीत, जगदीश चिकटे और बंधू गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इंटरनेशनल स्केटर और उमरेड स्केटिंग अकादमी के हेड कोच श्री रवींद्र मिसाल ने अपनी अगुवाई में इस आयोजन को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। वे इंड्यूरंस नागपुर जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष और लेवल 1 इंटरनेशनल रेफरी भी हैं।मुंबई में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के सभी विजेताओं को शुभकामनाएं।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ



**कामठी.**

नागपुर एनसीसी ग्रुप की ओर से 3 महाराष्ट्र इंजिनियर कंपनी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत (महाराष्ट्र) शिविर का आरंभ 24 दिसंबर से ओ.टी.ए. कामठी मे हुआ.

इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से 600 कॅडेट्स भाग ले रहे हैं, नागपुर तथा कामठी से सेठ केसरीमल पोरवाल महाविद्यालय के छात्रों का भी समावेश है, इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आरंभ कॅम्प कामाडेन्ट ग्रुप कैप्टन खुशाल व्यास (एनसीसी ग्रुप कमांडर नागपुर) एवं डेप्युटी कॅम्प कमांडेन्ट कर्नल सी.एस. सोलंकी (आफिसर कमांडिंग 3 महाराष्ट्र इंजिनियर कंपनी) द्वारा किया गया. इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश देश के अलग - अलग राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों के कॅडेट्स के बीच आपसी समझ और राष्ट्रीय एकीकरण को बढाना है. इस शिविर में अलग-अलग राज्यो और संस्कृतियों के साथियों से सद्भावना बढ़ाना है. शिविर के जरिए कैडेट्स को अपने देश की संस्कृती, परंपराओ और विरासत के बारे मे जानकारी मिलती है, इससे उनके दृष्टीकोन व्यापक होते है और अनुभव समृद्ध होते है. इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॅडेट्स को साहस, निर्भयता, कर्तव्य -दक्षता, देशप्रेम, युवा पिढी मे राष्ट्रीय एकाता के नैतिक मुल्यो निर्माण करने हेतु जोर दिया जाएगा. एक कॅडेट को राष्ट्र निर्माण के लिए किस प्रकार तैयार किया जाता है, इस विषय पर खास ओर दिया जाएगा. इस कॅम्प की तैयारी कॅम्प कमांडेन्ट ग्रुप कैप्टन खुशाल व्यास, डेप्युटी कॅम्प कमांडेन्ट कर्नल सी.एस. सोलंकी, कैप्टन कुलदीप कौर, जी.सी. आय. साधना पाल, ए.एन.ओ. अमित मुदगल, शहाजी ए. अलेक्झांडर, महेश वावरे, गांगोडे, अक्षय चव्हाण, सुभेदार डी.एन. नगरे, सी.एच. एम. संजय कबाडगे , हवालदार विजय वाघमारे द्वारा की गयी. इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के आहार और हेल्थ पर विशेष रूप से जोर दिया जायेगा.

# निषेध यात्रा निकाल जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**नागपुर.**

कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के सम्मान यात्रा का आयोजन किया. संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए कथित बयान के विरोध में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया.

इसके बाद पूर्व मंत्री सुनील केदार व सांसद श्यामकुमार बर्वे के नेतृत्व में जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को संबोधित प्रेषित पत्र सौंपा.

इसमें केंद्रीय मंत्री परिषद से अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करने का आग्रह किया गया है.

निषेध आंदोलन यात्रा में ज़िला परिषद अध्यक्ष मुक्ता कोकड्डे, ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्ष रश्मि बर्वे, ज़िला परिषद उपाध्यक्ष कुंदा राऊत, ज़िला परिषद महिला व बाल कल्याण समिति सभापति अवंतिका रमेश लेकुरवाले, कामठी पंचायत समिति सदस्य सुमेध रंगारी, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजुद रहें.

# आज संत जगनाड़े महाराज की पुण्यतिथि का आयोजन

**कामठी.**

महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा समाज के संत संताजी जगनाडे महाराज की पुण्यतिथि उत्सव आज शनिवार 28 दिसंबर को मनाई जाएगी. पुण्यतिथि उत्सव के अवसर पर के. रोडबाजी सुपारे स्मृति परिसर, सुपारे नगर, कलामना रोड स्थित श्री संत संताजी जगनाड़े महाराज सांस्कृतिक सभागृह पर सुबह 8 बजे से गुरु महाराज की पूजा-अर्चना, महाआरती व गुरु वंदना तथा भगवा ध्वज फहराया जाएगा.

तत्पश्चात दोपहर 1 बजे गोपालकाला, कीर्तन व आरती, दोपहर 2 बजे संत दर्शन सम्मेलन - श्री संत सखुमाता, दोपहर 3 बजे श्री गजानन माऊली महिला भजन मंडल (उप्पलवाड़ी), दोपहर 4 बजे स्नेह सम्मेलन, समयानुसार मेघावी छात्रों का सत्कार, दानदाताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सत्कार, कार्यक्रम समापन पूर्व सुरुचि भोज का भी आयोजन किया गया है.

इस पुण्यतिथि उत्सव में सत्कारमूर्ति के रूप में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक कृष्णा खोपड़े अन्य गणमान्य रहेंगे. तैलिक समाज कामठी अध्यक्ष राधेश्याम हटवार की अध्यक्षता में विधायक अभिजीत बंजारी, पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहेंगे. तैलिक समाज कामठी के अध्यक्ष राधेश्याम फकीराजी हटवार, उपाध्यक्षा सौ. सविता यशवंत कुल्लरकर, उपाध्यक्षा सौ. मंगला मनिष कारेमोरे,



सचिव शंकरराव मधुकरराव वाडीभस्मे, सहसचिव हरिहर मानिकराव गायधने, कोषाध्यक्ष सुरेश संभाजी भनारे, सदस्य रामेश्वरजी सुगनचंदजी बावनकर, सदस्य गजानन रामाजी बावनकुळे, सदस्य ताराचंद कवडुजी मुंडले, सदस्य भैय्यालाल सुर्यभानजी माकडे, सदस्य मुकेश दादारावजी चकोले, सदस्य दिनेश पुरुषोत्तमजी आष्टणकर, सदस्य आनंदराव रामचंद्रजी चकोले ने समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होने कहा है.

# भाजयुमो नेता अवस्थी ने गौ-सेवा करने का लिया संकल्प



**कामठी.**

भाजपा के कामठी शहर प्रभारी प्रा. मनीष वाजपेयी, ज़िला महामंत्री अनिल निधान, ज़िला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में भाजपा शहर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो सोशल मीडिया ज़िला सहसंयोजक आशुतोष अवस्थी के जन्मदिन पर केक काटा. इसके बाद सभी भाजपा गौशाला पहुंचे. जहां पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गौ माता को हरा चारा और गुड खिलाकर गौ सेवा की पूजा अर्चना की. वहीं आशुतोष अवस्थी की लंबी उम्र की कामना की. ज्ञात हो कि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मोबाइल फोन पर आशुतोष अवस्थी को बधाई दी. इस मौके पर भाजपा के ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, संपर्क प्रमुख पंकज वर्मा, भाजयूमो महाराष्ट्र प्रदेश सचिव कपिल गायधाने, मा.अध्यक्ष चंद्रशेखर तुप्पत, छावनी परिषद मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, अनिल पिंगले, दिनेश शरण, देवानंद देशमुख, गोपाल सीरिया, शेख़ असफ़ाक़, ज़िला कार्यसमिति सदस्य प्रसन्न राजूरिया, भाजयुमो कामठी अध्यक्ष कुणाल सोलंकी, महामंत्री शानू ग्रावकर, अजीत सोनकुसरे, दीपक नेटी, सोनू कुशवाह, भाजपा शहर महामंत्री प्रभा राउत, शहर महामंत्री गायत्री यादव, नंदा बराई, प्रीती नागपूरे, ऊषा उरकुडे आदि प्रमुखता से मौजुद रहें.

# बामसेफ का 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन

## > सामाजिक परिवर्तन के लिए वैचारिक क्रांति पर जोर

**कोंढाली.**

महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा से प्रेरित बामसेफ संगठन का दीर्घकालिक उद्देश्य सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन लाना है। इसी उद्देश्य को लेकर बामसेफ का 41वां राष्ट्रीय अधिवेशन 25 से 28 दिसंबर तक महाराष्ट्र के नागपुर के पास रिंगनबोडी क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे मू. प्रो. जी. मोहन गोपाल (पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल) ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मू. इंजीनियर आर.एल. ध्रुव ने की।

इस अवसर पर मू. प्रो. गंधद चिंटुडु (आईएएस, प्रबंध निदेशक, सॅक, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश) और मू. डॉ. गौरव जे. पठानिया (इंटर्न, मेनोनाइट यूनिवर्सिटी, वर्जीनिया, यूएसए) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अधिवेशन में देशभर के बामसेफ कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया।



**सम्मेलन के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे**

- उच्च न्यायपालिका में मूलनिवासी बहुजन समुदाय की प्रतिनिधित्वहीनता का स्थायी समाधान।
- लोकतांत्रिक और संस्थागत कार्यप्रणाली के माध्यम से लक्ष्यों की प्राप्ति।
- असंगठित और संविदा मजदूरों का शोषण: संयुक्त राष्ट्रसंघ के सभ्य कार्य एजेंडा का उल्लंघन।
- जाति आधारित जनगणना के विरोधियों की पहचान।
- कैडर के सुसंगत आचरण, स्वावलोकन और सामूहिक संकल्प पर जोर।
- मूलनिवासी बहुजनों के सतत दोहन का समाधान।
- प्रतिनिधिक लोकतंत्र पर विदेशी कुलीनतंत्र के प्रभाव का खुलासा।
- बीएस 04 आंदोलन की बढ़ती आवश्यकताएं और संसाधनों का प्रबंधन।
- पेसा एक्ट के क्रियान्वयन में देरी का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मू. इंजीनियर आर.एल. ध्रुव ने कहा कि यह अधिवेशन देशभर के मूलनिवासी बहुजनों के हितों की रक्षा और वैचारिक मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय महासचिव संजय मोहिते, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश द्रविड़ और सुनीता कपरवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अधिवेशन में रोजगार, शिक्षा, सामाजिक और राजनीतिक सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई। रमणीय 25 एकड़ क्षेत्र में आयोजित इस सम्मेलन में पूरे देश से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# अल्कोहलिक्स एनोनिमस के माध्यम से कई परिवारों को बचाया गया: कुंभारे



**कामठी.**

अल्कोहलिक्स एनोनिमस ने शराब मुक्त समाज बनाने के लिए दुनिया भर में निस्वार्थ सेवा प्रदान की है. इस संस्था के माध्यम से कई बर्बाद परिवारों को बचाया गया. सूर्यदीप समूह पिछले एक साल से डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक और अनुसंधान केंद्र के परिसर में इस गतिविधि को क्रियान्वित करने के लिए जगह उपलब्ध करवाई गई है. ऐसे विचार ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड.सुलेखा कुंभारे ने व्यक्त किये.

सूर्यदीप ग्रुप द्वारा प्रथम वर्षगांठ समारोह आयोजित कार्यक्रम आज शुक्रवार को सुबह ड्रैगन पैलेस क्षेत्र स्थित डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केंद्र में पूर्व राज्य मंत्री एड. सुलेखा कुंभारे द्वारा अध्यक्षता की गई.मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर पराग सपाटे उपस्थित थे. सर्वप्रथम एड.सुलेखा कुंभारे द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और कर्मवीर दादासाहेब कुंभारे की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया गया.

कार्यक्रम में बोलते हुए एड.सुलेखा कुंभारे ने सूर्यदीप समूह के सभी पदाधिकारियों को उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया. प्रोफेसर पराग सपाटे ने अल्कोहलिक्स एनोनिमस के काम पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया. साथ ही संदीप एस., संदेश डी. ने भी उपस्थितियों को मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम का संचालन गजानन ने तथा आभार प्रदर्शन शेषराव ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में अच्छी संख्या में लोग शामिल हुए. कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप एस., संदेश डी., संदीप बी., विनोद एम. ने अथक परिश्रम किया.

# डागा हास्पिटल के सामने धूल से बढ़ा प्रदूषण

## > अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे मरीज

**नागपुर.**

प्रभाग-19 गांधीबाग से गोलीबार चौराह पर डागा स्मृति शासकीय स्त्री अस्पताल है। यहां पर महिला रोग और शिशु डिलीवरी के लिए सम्पूर्ण विदर्भ से लोग पहुंचते हैं। वैधकीय कुशलता के लिए इस हॉस्पिटल का नाम उच्च श्रेणी में लिया जाता है। असल में इन दिनों हास्पिटल के सामने कुछ महीनों से फ्लाईओवर का कार्य चल रहा है। इस कार्य की वजह से अस्पताल के सामने की सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। सड़क खराब होने से अस्पताल में मरीजों को लेकर पहुंचने वाली एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती। देखा तो यह गया है कि डिलीवरी के लिए अस्पताल लाते



समय एम्बुलेंस में ही डिलीवरी करना पड़ा।

डिलीवरी महिला को जाम व गड्ढों वाली सड़क के कारण हास्पिटल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। साथ ही मार्ग पर धूल से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। धूल से प्रदूषण बढ़ गया है।

**विस्तार के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव**

आस पास के गांव व शहर से पेशेंट आने के कारण हास्पिटल में बेड का अभाव रहता है। इसलिए ज्यादा दिनों पहले पेशेंट को एडमिट नहीं किया जा सकता। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने हॉस्पिटल विस्तार के लिए सरकार को प्रपोजल भेजा है। जिससे इमरजेंसी वाले पेशेंट को कुछ दिनों पहले से एडमिट किया जा सके। हॉस्पिटल के सामने निर्माण कार्य के कारण धूल से प्रदूषण बढ़ गया है। जिससे महिला व पैदा नव शिशु को श्वास संबंधी रोग निर्माण हो गई है। समाज सेवी, वाहन चालक, हॉस्पिटल मैनेजमेंट और आसपास के दुकानदारों ने प्रशासन से फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने की मांग की है।

# तेजस ने किया कंबल, टीशर्ट, का वितरण

**कामठी.**



तेजस बहुउद्देशीय संस्था के सहयोगी रविन्द्र कुमार (सिव्हिल कांट्रेक्टर बेसा) व राजेश काढ़े (इतवारी नागपुर) के तत्वावधान में 50 कंबल, 250 टीशर्ट राष्ट्रसंत गाडगेबाबा के 68 वे पुण्यतिथि के अवसर पर उपजिला रुग्णालय की अधीक्षक डॉ.नयना दुफारे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत डांगोरे, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश अढाऊ गुरुजी, संपादक एम.ए. जब्बार, संस्था सहयोगी कुक्कू चाना, आंनद मैरेज ब्योरे के अध्यक्ष रविन्द्र तांडेकर, नगर परिषद कर्मचारी दर्शन गोंडाने, करण इमले, गोलू तालेवार, अभय पेटारे, तेजस अरगुलेवार, संस्था उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार के हस्ते जरूरतमंदों को वितरण किया गया.

## निधन वार्ता

### अनुराग चहांदे



**नागपुर.** अनुराग चहांदे का दीर्घ बीमारी के कारण निधन हो गया. वे 43 वर्ष के थे. उनकी अंत्य यात्रा सुबह 11 बजे उनके ऊंटखाना स्थित घर से निकलकर मोक्षधाम घाट जाएगी, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 390-2 | 358-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 359-7 | 148-3 |
| प्रभात | 147-2 | 460-0 |
| प्रभात नाईट | 669-1 | - |
| डायमंड | 589-2 | 180-9 |
| मेन बाजार | 390-2 | - |
| मिलन डे | 390-2 | 340-7 |
| मेन रतन | 268-6 | 569-0 |
| कल्याण | 569-0 | 136-0 |
| राजधानी डे | 135-9 | 280-0 |
| राजधानी नाईट | 660-2 | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 136-0 | 136-0 |

# कृषि की समस्याएं नहीं हो रहीं दूर

## > खराब मौसम के साथ जंगली जानवरों से भी फसलों को हो रहा नुकसान

**गोंदिया.**

आसमानी और सुल्तानी संकट के कारण किसानों के हाथ से खरीफ का मौसम निकल गया है. रबी सीजन शुरू होते ही देखा जा रहा है कि खराब मौसम के कारण चने को कुछ हद तक नुकसान हो रहा है. इस संकट के कारण किसानों का आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है. जिसके चलके फसल बीमा की राशि जल्द किसानों के खातों में जमा की जाए. किसान साल भर खेतों में काम करते हैं, सर्दी, गर्मी, बिच्छू और कांटे की परवाह किए बिना वह दिन-रात काम करते हैं, अगर प्रकृति उसका साथ देती तो उसे अच्छी आमदनी होती, अगर प्रकृति उसका साथ नहीं देती तो उसे आर्थिक तंगी झेलनी पड़ती है. प्रकृति भी साथ नहीं दे रही है और सरकार भी करीब नहीं है. तो फिर किसान किससे न्याय मांगे? यह सच है कि किसानों को 'अच्छे दिन' का सपना दिखाया गया है, लेकिन किसानों और कृषि व्यवसाय के लिए 'अच्छे दिन' कब आएंगे? ये सवाल किसानों के मन में हमेशा रहता है. जबकि धान की कीमत खेती की लागत को कवर नहीं करती है. खरीफ सीजन की शुरुआती फसल की स्थिति को देखते हुए इसकी जरूरत पैदा हुई है.



### हर साल हाथ से जा रही फसल

**कृषि योग्य फसलें उगाई जाती है और गर्मी, हवा और बारिश के संपर्क में आती हैं. कभी भारी बारिश से, कभी सूखे से, कभी ओलों से और इतना ही नहीं जंगली सूअर, बंदर, हिरणों के झुंड जैसे जंगली जानवर फसलों को रौंद देते हैं. जो फसल हाथ में आती है वह चली जाती है, लेकिन सरकार उसकी सुध नहीं लेती. यह सच है कि बाड़ के लिए मिलने वाले अनुदान में तार के लिए भी भुगतान नहीं होता है.**

# शिवसेना की ओर से स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**हिंगनघाट.**






शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) हिंगणघाट की ओर से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिवसैनिकों का स्नेह मिलन कार्यक्रम शाहलंगडी मंदिर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवासेना के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। साथ ही आगामी स्थानीय स्वराज संस्था के चुनावों जैसे नगर परिषद, जिला पंचायत समिति और ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा हुई।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश धोबे ने कहा कि, "बीते समय में विरोधियों (भाजपा) ने शासकीय संस्थाओं के माध्यम से शिवसेना को संकट में डालने का प्रयास किया। लेकिन हमारे कर्मठ शिवसैनिकों ने मजबूती से उनका सामना किया। भविष्य में भी ऐसी चुनौतियां आएंगी, लेकिन शिवसेना परिवार हमेशा निष्ठा और मेहनत से इनका सामना करेगा।" इस कार्यक्रम में उपस्थित शिवसैनिकों ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता और निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। साथ ही, दिवंगत हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे के 80% समाज सेवा और 20% राजनीति के सिद्धांत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में "गांव-गांव शाखा, घर-घर शिवसैनिक" की पहल के तहत आम जनता तक न्याय और सहायता पहुंचाने का वादा किया गया।

कार्यक्रम में उपजिल्हा प्रमुख राजेंद्र खुपसरे, तालुका प्रमुख सतीश धोबे, पूर्व युवासेना जिल्हा प्रमुख अभिनंदन मुणोत, महेंद्र महाजन, पूर्व उपजिल्हा प्रमुख अजिंक्य तांबेकर, पूर्व नगरसेवक श्रीधर कोटकर, और शहर युवासेना प्रमुख भूषण कापकर मुख्य मंच पर उपस्थित थे। संचालन पूर्व नगरसेवक मनीष देवडे ने किया और आभार प्रदर्शन सौ. निताताई धोबे ने किया। इस दौरान शहर के वरिष्ठ और पुराने शिवसैनिकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों शिवसैनिक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थितियों में सुधाकर डंभारे, नथुजी कुकडे, गजानन काटवले, शंकर मोहमारे, दिलीप चौधरी, बंटी वाघमारे, सौ. शारदा दुर्गे, मोहम्मद फिरोज खान, श्रीकृष्ण नंदनवार, सतीश बावणे, और अन्य शिवसैनिकों के नाम शामिल हैं। इस आयोजन ने शिवसैनिकों को एकजुट कर पार्टी को मजबूती देने और आगामी चुनावों के लिए सक्रियता बढ़ाने का माहौल तैयार किया।

# सानवी को मातृवृक्ष संस्था द्वारा सम्मानित किया गया



**हिंगणघाट.**

स्थानीय जी बी एम एम विद्यालय की छात्रा कु. सानवी अजय झलके ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में शानदार सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। इस उपलब्धि के लिए मातृवृक्ष शैक्षणिक और बहुउद्देशीय संस्था, वर्धा द्वारा उनका गुलाब पौधा भेंट और पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

यवतमाल में 13 से 15 दिसंबर के बीच आयोजित राष्ट्रीय युवा क्रीड़ा महोत्सव में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था।

इसमें सानवी ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, 35 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वह स्नेहदीप मार्शल आर्ट क्लब की ओर से इस प्रतियोगिता में जी बी एम एम विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा के रूप में हिस्सा ले रही थीं।

इस सफलता के बाद सानवी का चयन नेपाल में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर मातृवृक्ष संस्था के अध्यक्ष तिरभाने सर, उपाध्यक्ष डॉ. अनिस बेग, सचिव श्री किशोर उकेकर, त्रिरत्न नागदेवे, प्रदीप मोकदम, अरविंद दहापुते, अजय खंडाईत, विद्यालय के मुख्याध्यापक, शिक्षक आनंद साखरे, कापकर, वरकडे, खंदारे, उईके, उताणे, आष्टनकार, वर्ग शिक्षिका नियाजी, कुंभलकर, बिडकर, नदनवार समेत समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सानवी को बधाई दी। इसके साथ ही समाज के हर वर्ग से सानवी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाओं का तांता लग गया है।

# एसओएस कब्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस समारोह

**हिंगनघाट.**

एसओएस कब्स स्कूल में क्रिसमस का त्योहार उल्लास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केजी-2 के नन्हे छात्रों ने यीशु के जन्म पर आधारित एक भावपूर्ण अभिनय प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। नर्सरी और केजी-1 के बच्चों ने "जिंगल बेल्स" गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम में सांता क्लॉज़ की विशेष उपस्थिति ने बच्चों को बेहद उत्साहित कर दिया। सांता ने बच्चों को उपहार देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल शिल्पा चव्हाण और प्री-प्राइमरी प्रमुख श्रीमती ममता दायमा भी उपस्थित थीं।

उन्होंने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएँ देते हुए उत्साहवर्धन किया। स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रदीप जोशी ने इस अवसर पर बच्चों को दया, करुणा और परोपकार का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को कम भाग्यशाली लोगों की मदद करने और जरूरतमंदों को दान देने की प्रेरणा दी, जिससे वे क्रिसमस के वास्तविक अर्थ को समझ सकें। यह कार्यक्रम आनंद और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने क्रिसमस की खुशियों को आत्मसात किया और इसे यादगार बनाया।




# मनुस्मृति दहन दिवस को भारतीय महिला मुक्ति दिवस घोषित करने की मांग

**हिंगनघाट.**

मनुस्मृति दहन दिवस को भारतीय महिला मुक्ति दिवस घोषित करने की मांग उठाई गई है। वंचित बहुजन अघाड़ी हिंगणघाट तालुका और शहर समिति द्वारा आयोजित भारतीय स्त्री मुक्ति परिषद में यह प्रस्ताव पारित किया गया।

महाराष्ट्र सरकार की 'लड़की बहिन योजना', जो आर्थिक सहायता प्रदान करती है, की आलोचना करते हुए कहा गया कि महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं बनाई जाएं, जो उनकी गरिमा, सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करें। परिषद ने महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, बच्चों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की मांग की। इस आयोजन में वंचित बहुजन महिला अघाड़ी की जिला अध्यक्ष मंगलाताई कांबले ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता के रूप में एम. अरुण भगत और सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. अस्मिता भगत ने अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में सीमा मेश्राम, सुरेखा मेश्राम, सिंधु दखने, प्रमोदिनी नगराले, संध्या जगताप और तेजस्विनी पाटिल शामिल थीं। संचालन वरिष्ठ नेता अशोक रामटेके ने किया। इस अवसर पर तालुका अध्यक्ष विवेक कांबले और शहर अध्यक्ष रवि कांबले मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में 25 दिसंबर को महिला सम्मेलन आयोजित कर इसे भारतीय महिला मुक्ति दिवस के रूप में घोषित करने की मांग प्रमुख रही।



### सम्मेलन में पारित प्रमुख प्रस्ताव

**भारतीय स्त्री मुक्ति परिषद के दौरान छह प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें निम्नलिखित मांगे शामिल थीं:**

1. 25 दिसंबर को भारतीय महिला मुक्ति दिवस घोषित किया जाए।
2. गृह मंत्री अमित शाह को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफा देना चाहिए।
3. परभणी घटना की निष्पक्ष जांच की जाए।
4. 'एक देश, एक चुनाव' प्रणाली का विरोध किया गया।
5. न्यूनतम गारंटी मूल्य लागू करने के लिए सख्त कानून बनाया जाए।
6. सोयाबीन के लिए ₹ 6000 का गारंटीकृत मूल्य सुनिश्चित किया जाए।

# प्रतीक्षा गाजरे का महाराष्ट्र की अंडर-19 टीम में चयन

**हिंगनघाट.**

महाराष्ट्र राज्य के क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय, पुणे के तहत जिला क्रीड़ा परिषद और जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय वर्धा द्वारा 16 दिसंबर को हिंगनघाट के पॅसिफिक क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित अंडर-19 लड़कियों की चयन प्रक्रिया में हिंगनघाट की महेश ज्ञानपीठ स्कूल की 11वीं साइंस की छात्रा प्रतीक्षा प्रशांत गाजरे का महाराष्ट्र टीम के लिए चयन किया गया।




चयन प्रक्रिया में पूरे महाराष्ट्र से कुल 53 लड़कियों ने भाग लिया। चयन समिति में जयराज मुंडे और विनोद कपिले शामिल थे, जिन्होंने 16 खिलाड़ियों को महाराष्ट्र टीम में शामिल किया।

प्रतीक्षा ने अपनी इस सफलता का श्रेय महेश ज्ञानपीठ स्कूल के संचालक मंडल के अध्यक्ष गिरधरबाबू राठी, संचालक मंडल के सभी सदस्य, प्राचार्य वैशाली पोल, उप-प्राचार्य दिगंबर खटी, जिल्हा क्रीड़ा अधिकारी आशा मेश्राम, क्रीड़ा अधिकारी संदीप खोब्रागडे, निमगडे सर, क्रीड़ा मार्गदर्शक भोजराज चौधरी, तालुका संयोजक खांडरे सर, क्रीड़ा शिक्षक सचिन मुले और प्रणिता चिंतलवार को दिया। इसके अलावा, उन्होंने अपने कोच मोहम्मद येतबार अली और मुस्तफा बख्श का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। प्रतीक्षा की इस उपलब्धि पर स्कूल और हिंगनघाट क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# कासाबाई स्कूल ऑफ नर्सिंग में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न

**वर्धा.**

कासाबाई स्कूल ऑफ नर्सिंग में 24 दिसंबर को जीएनएम प्रथम वर्ष के नर्सिंग छात्रों के लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण धाकटे, निदेशक, लायंस क्लब मेडिकोज वर्धा, श्रीमती स्मिता मानिकपुरे, सीनियर ट्विटर, कस्तूरबा नर्सिंग स्कूल सेवाग्राम, श्रीमती पुष्पमाला देशमुख, अध्यक्ष, मातृसेवा संघ वर्धा, कल्पना ताकसांडे, उपाध्यक्ष, सर्वोदय भूमिपुत्र बहुउद्देश्यीय विकास मंडल, वैशाली झाडे, अधीपरिचारिका, जनरल हॉस्पिटल वर्धा, कॉलेज की प्रिंसिपल प्रणिता गावंडे और कॉलेज के संस्थापक विनायक ताकसांडे थे।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, इसके बाद जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों ने नर्सिंग की शपथ ली और स्वागत गीत गाया। डॉ. प्रवीण धाकटे ने नर्सों के योगदान और विदेश में रोजगार की अपार संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। स्मिता मानिकपुरे ने मरीजों की देखभाल और डॉक्टरों के साथ सहयोग के महत्व पर अपने विचार साझा किए और बताया कि नर्सों के कारण ही डॉक्टर अपना काम प्रभावी रूप से कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जीएनएम द्वितीय वर्ष के छात्रों ने नर्सों पर एक नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अरमान सैयद ने किया।

# संत गाडगेबाबा की पुण्यतिथि पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय द्वारा संत गाडगेबाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इतिहास एवं समाजशास्त्र विभाग तथा एम.ओ.यू. के तहत समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश तुळसकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. महादेव चुंचे (कुंभलकर महाविद्यालय, वर्धा) और डॉ. सतीश धवड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय "सांस्कृतिक करण" था, जिस पर दोनों अतिथियों ने गहन




मार्गदर्शन किया। डॉ. उमेश तुळसकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में वैराग्यमूर्ति संत गाडगेबाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य डॉ. सपना जयसवाल ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया। प्रास्ताविक भाषण प्रा. डिंपल नवले ने दिया, जबकि सूत्रसंचालन प्रा. सीमा इंगले ने किया। आभार प्रदर्शन पूनम बुरिले द्वारा किया गया।

# क्षत्रिय मरठा कलार समाज की बाइक रैली

**गोंदिया.**

क्षत्रिय मरठा कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव एवं सद्भावना बाइक रैली निकाली गई थी। रैली में तकरीबन 700 से ज्यादा बाइक के साथ समाज बंधु भगिनि शामिल हुए थे। रैली समाज भवन, बाजपेई चौक , चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, विधायक ऑफिस, मोदी पेट्रोल पंप, जय स्तंभ, बालाघाट टी प्वाइंट, रानी अवंती बाई चौक, कुड़वा नाका, पाल चौक, यादव चौक, मढ़ी, रामचंद्र ऑयल मिल, मुन्ना चौक होते हुए वापस समाज भवन में पहुंची। समाज के अध्यक्ष श्री विनायक गजघाट के आव्हान पर समाज बंधु भगिनियों ने अपनी एकता का परिचय दिया इस हेतु उन्होंने समाज बंधु भगिनियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रैली को सफल बनाने में सचिव डॉ वेदप्रकाश चौरागड़े, उपाध्यक्ष तिलक गंगभोज, श्रीधर राऊत, नंदकिशोर दियेवार, कमलाकर चौरागड़े, पूजा डाहाके, नवयुवती अध्यक्ष अलीशा कावड़े एवं समस्त कार्यकारिणी टिम का अथक प्रयास रहा है।

# श्री साई प्रतिष्ठान द्वारा शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन

**हिंगनघाट.**

श्री साई प्रतिष्ठान, नंदोरी रोड, हिंगणघाट द्वारा श्री संत साईबाबा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठापना दिवस और प.पु. श्री संत लक्ष्मीमाता पुण्यतिथि महोत्सव के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें अयोध्या से पधारीं भागवताचार्य ह.भ.प. देवी मंजूलता अपनी ओजस्वी वाणी में शिव महापुराण कथा का महत्व और संदेश श्रोताओं तक पहुंचाएंगी। कार्यक्रम का समापन 3 जनवरी की शाम को भव्य महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। श्री साई प्रतिष्ठान के



अध्यक्ष संत योगेश्वर महाराज और सचिव अतुल वांदिले ने श्रद्धालुओं से इस कथा का लाभ उठाने और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# जल संधारण के पदों पर ग्रहण

## > वरिष्ठजनों सहित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा, शासकीय कार्य प्रलंबित

**सालेकसा.**

गोंदिया जिले को जोड़ने वाला एकमात्र कार्यालय अर्थात शासकीय जल संधारण कार्यालय आमगांव व सालेकसा तहसील मिलकर एक शासकीय कार्यालय सालेकसा में कार्यरत है. लेकिन विगत 10 वर्षों से आज भी रिक्त पदों से शासकीय कार्य प्रलंबित रहते है. इसमें पहले से ही सालेकसा तहसील में 41 ग्राम पंचायतों को समावेश है वहीं 92 ग्रामों का कार्यभार है. इसमें लगभग शासकीय कार्यालय एकमात्र कार्यालय है वहीं आमगांव तहसील में भी 57 ग्राम पंचायतें शामिल हैं और 83 से अधिक गांव विभाजित हैं. ऐसे कुल 175 से अधिक गांव हैं और दोनों तहसीलों में कार्यभार अधिक होने के कारण समय पर काम नहीं हो पाता है, खासकर सालेकसा शासकीय जल संधारण कार्यालय में 17 में से केवल 5 कर्मचारी ही कार्यरत हैं. शेष 12 कर्मचारियों की कमी है. महाराष्ट्र में 288 विधायक काम कर रहे हैं तो सरकारी दफ्तरों में सरकारी कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है ऐसा जल संरक्षण कार्यालय के माध्यम से लोगों द्वारा पूछा जा रहा है. जल संधारण कार्यालय द्वारा विभिन्न विकास कार्य किए जाते हैं.



**अधिकारियों को कनिष्ठ अभियंता के भी विभिन्न कार्य**

अभियान चलाकर उपयोगी तालाबों की सफाई और किसानों के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है. इस कार्यालय के माध्यम से विभिन्न कार्य किये जाते हैं.

जल संधारण अधिकारी के पास बैठकें, जल संधारण विभाग के काम करने के दौरान आने वालों से मिलना, सरकारी कार्यालय की बैठक में भाग लेना सहित विभिन्न कार्य होते हैं और इन्हीं अधिकारियों को कनिष्ठ अभियंता के भी विभिन्न कार्य करने होते हैं.

कंस्ट्रक्शन पद ड्राइवर जूनियर क्लर्क अटेंडेंट सब डिविजनल जल संधारण अधिकारी का पद भी पहले से ही खाली है क्योंकि सरकार ने पांच दिन का सप्ताह कर दिया है इसमें भी कई कर्मचारियों को शनिवार और रविवार को काम करना पड़ता है.

# डॉ. निर्मेश कोठारी: सेवा, समर्पण और क्रीड़ा प्रेरणा के प्रतीक

**हिंगनघाट.**

राजनीतिक परिवार में जन्मे डॉ. निर्मेश कोठारी का नाम चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और समाज में योगदान के लिए जाना जाता है। एक कुशल चिकित्सक, समाजसेवी, और क्रीड़ा क्षेत्र के प्रेरक मार्गदर्शक के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। डॉ. कोठारी का जन्म एक प्रतिष्ठित राजनितिक परिवार में हुआ। उनके दादा हिंगणघाट नगर परिषद अध्यक्ष रहे हैं, और उनके पिता एड. सुधीर बाबू कोठारी भी एक सक्रिय राजनेता हैं। हालांकि, डॉ. कोठारी का सपना समाज सेवा करने का था, जिसके लिए उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनके दृढ़ निश्चय और मेहनत ने उन्हें चिकित्सा जगत में एक अलग पहचान दिलाई।



चिकित्सा को केवल पेशा न मानकर सेवा का माध्यम मानने वाले डॉ. कोठारी ने न केवल इलाज किया, बल्कि लोगों के जीवन में आशा की किरण भी जगाई। उन्होंने कई नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों, रक्तदान शिविरों, और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया। समाज के प्रति डॉ. कोठारी की प्रतिबद्धता उनकी कार्यशैली में झलकती है। उन्होंने विशेष रूप से गरीबों, महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं शुरू कीं। उनके प्रेरणादायक कार्यों से कई युवा सामाजिक कार्यों की दिशा में आगे बढ़े। डॉ. कोठारी का क्रीड़ा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि खेल समाज सुधार का प्रभावी माध्यम है और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा माना जाना चाहिए। डॉ. निर्मेश कोठारी की सफलता का राज उनकी सादगी, मेहनत, और दूसरों की भलाई में निहित है। उनका विश्वास है, "समाज की सेवा ही सच्ची सफलता है," जो आज भी युवाओं को प्रेरित करता है।

# तुअर की फसल पर इल्लियों का प्रकोप

**गोंदिया.** जिले में कभी बदरीले मौसम तो कभी अधिक ठंड के चलते तुअर की फसल पर इल्लियों का प्रकोप बढ़ने लगा है. फसल को बचाने के लिए किसान कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं. लेकिन इल्लियों पर इसका कोई असर नही हो रहा है. जिले के किसान खरीफ मौसम में हुई बेमौसम बारिश के कारण बर्बाद हो चुकी फसल को लेकर चिंता में थे और अब उनके सामने एक नए संकट ने दस्तक दे दी है.

किसानों द्वारा बुआई की गई तुअर व चना आदि की फसलों में कीटनाशक इल्ली के प्रकोप ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है. कृषि विभाग द्वारा किसानों को अपनी फसल की रक्षा के लिए उपाय सुझाने की आवश्यकता हैं. जिले के मौसम में हो रहे परिवर्तन का असर रबी मौसम की फसलों पर साफ दिखाई दे रहा है. जिससे खेतों में खड़ी तुअर व चने की फसल में इल्ली लगने लगी है.

# सेंट्रल जेल की नई जेल के लिए 450 एकड़ जमीन की मांग

> कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक



**नागपुर.**

संतरानगरी की सेंट्रल जेल स्थानांतरित करने की काफी समय पहले घोषणा हो चुकी है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन से नई जगह की तलाश कर देने की गुजारिश जेल प्रशासन की ने थी। यह मामला एक बार फिर जोर पकड़ने लगा है। सूत्रों के अनुसार नागपुर सेंट्रल जेल में कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक हो गई है। इस जेल में 1,798 कैदियों की रखने की क्षमता है। अब नई जेल के लिए जगह और संसाधनों के लिए नागपुर जेल के वरिष्ठ अधिकारियों की पुणे स्थित जेल विभाग के कार्यालय में भाग-दौड़ शुरू हो चुकी है। ब्रिटिशकालीन इस जेल की दीवारें अब खोखली होती जा रही हैं। यह बात जेल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बखूबी पता है। यही कारण है कि, अब नागपुर सेंट्रल जेल ने नई जेल के लिए शासन से करीब 450 एकड जगह मांगी है, जहां करीब 2 हजार कैदी रखे जा सकेंगे। सेंट्रल जेल प्रबंधन का कहना है कि, क्षमता से अधिक कैदियों को रख पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। वर्तमान में सेंट्रल जेल में 3,300 से अधिक कैदी बंद होने की जानकारी जेल से जुड़े सूत्रों ने दी है।

नई जेल के लिए जगह के बारे में सेंट्रल जेल ने नागपुर जिलाधिकारी कार्यालय से भी जेल प्रबंधन द्वारा पत्र व्यवहार किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। जेल अधीक्षक वैभव आगे के अनुसार करीब 450 एकड़ जगह नई जेल के लिए तलाशने की गुजारिश स्थानीय प्रशासन से की गई थी। उनका मानना है कि, नई जेल को इस तरह से बनाया जाएगा, जिसमें करीब 2000 कैदियों को रखने की क्षमता हो, इससे पुरानी जेल पर बोझ कम हो जाए। सूत्रों ने यह भी बताया कि, नागपुर की सेंट्रल जेल में कई खूंखार अपराधी बंद हैं, जिसमें 70 से अधिक नक्सली, 35 से आतंकवादी, 13 फांसी के कैदियों का समावेश है। 25 से अधिक विदेशी, 15 से अधिक बांग्लादेशी कैदी बंद होने की जानकारी भी है। जेल में हत्या, मारपीट, अपहरण, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, डकैती, धोखाधड़ी सहित अन्य आपराधिक मामलों में कैदी सहित कुल 3,300 से अधिक कैदी सेंट्रल जेल में बंद हैं। महिला, पुरुष और ओपन जेल होगी एक ही जगह पर जेल प्रशासन की ओर से जो 450 एकड़ जगह नागपुर के आस-पास में तलाशने की मांग की गई है, उसमें महिला, पुरुष जेल के अलावा ओपन जेल भी रहेगी। यह तीनों जेल एक ही जगह पर होंगी। दिगर बात यह है कि, नागपुर सेंट्रल जेल में महिला जेल से बना दी गई। उसका अलग से दरवाजा भी बना दिया गया, लेकिन अभी तक नागपुर सेंट्रल जेल में महिला जेल को कोई महिला अधीक्षक नहीं मिल पाई है। पुरुष जेल के अधीक्षक की निगरानी में ही महिला जेल की भी बागडोर संभाली जा रही है। हाल में नागपुर के विधासभा शीतसत्र में जेल को लेकर आधुनिकीकरण की बातें की गई थीं। विधानसभा में बकायदा विधेयक भी इसको लेकर पास किया जाएगा। ब्रिटिशकालीन जेलों में लागू रहे उस दौर के कानूनों में भी संसोधन को मंजूरी दी गई।

### 2 हजार कैदियों की नई जेल के लिए मांगी जगह

वैभव आगे, अधीक्षक, सेंट्रल जेल के मुताबिक नागपुर की सेंट्रल जेल में इस समय क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। यह सही है कि, शासन की ओर से जेल को लेकर कई तरह की योजनाओं पर पहल हो रही है। नागपुर में 2 हजार कैदियों की क्षमता के लिए 450 एकड़ की जगह मांगी गई है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन से भी जगह दिलाने की मांग का प्रस्ताव जेल प्रबंधन की ओर से दिया गया है।



## भारत को विश्वगुरु बनाने भक्तामर महाद्वीप अर्चना

**नागपुर.**

निर्यापक आचार्य वीरसागर महाराज ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि, आज की युवा पीढ़ी को भटकने से बचाने और विश्व में शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से 31 दिसंबर को पहले तीर्थंकर ऋषभदेव की 48,000 दीपों से सामूहिक आरती और भक्ति होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सुबह के समय भगवान की भक्ति और संगीतपूर्ण आरती से वातावरण शुद्ध होता है और यह सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महावीर, कृष्ण और महात्मा गांधी ने हमेशा दूसरों के सुख के लिए कष्ट सहन किया। भगवान महावीर ने 'जीवो और जीने दो' का संदेश दिया, जिसका उद्देश्य हर प्राणी की भलाई है।

उन्होंने यह भी कहा कि आजकल युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है, जो पश्चिमी संस्कृति के अपनाने और भारतीय संस्कृति की उपेक्षा के कारण हो रहा है। सही विचारधारा ही शांति और सुख का रास्ता है, जो धन से नहीं बल्कि अच्छे विचारों से प्राप्त होता है। राजा भोज द्वारा आचार्य मानतुंग को बंदी बनाकर 48 ताले लगवाए गए थे, जिन्हें उन्होंने भगवान ऋषभदेव की भक्ति करते हुए भक्तामर के 48 श्लोकों से तोड़ा था। भक्तामर स्तोत्र सभी प्रकार के रोग, शोक और भय को नष्ट करने वाला है, और इसकी आराधना 31 दिसंबर को होगी। संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर के प्रयासों से भारत में 120 गोशालाएं चल रही हैं, और जेलों में हथकरघा चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, च्वी तक की शिक्षा अपनी मातृभाषा/हिन्दी में देने, "इंडिया" के स्थान पर "भारत" बोलने जैसी कई सामाजिक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

निर्यापकाचार्य वीरसागर महाराज ने कहा कि यह आयोजन भारतीय समाज को जागरूक करने का एक अवसर है, और सभी से आग्रह किया कि वे इस कार्य में भाग लें और अहिंसा एवं महामंत्र भक्ति का हिस्सा बनें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व शांति की भावना को जागृत करना है। महादीप अर्चना में भाग लेने वाले सौभाग्यशाली परिवारों को शुद्ध रत्नमय रजत कलश 100 फीसदी शुद्ध चांदी से प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद जैन, मंत्री आशिष जैन और समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने की। सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध है कि वे इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित हों और इसकी सफलता में अपना योगदान दें।

## एम.आई.डी.सी. में नेशनल फूड प्रोडक्ट्स को अधिकारियों और गणमान्य लोगों की भेंट

**भिवापुर.**





एम.आई.डी.सी. क्षेत्र में स्थित नॅशनल फूड प्रोडक्ट्स में हाल ही में एच.आर. वाघमारे (विभागीय अधिकारी, उद्योग भवन नागपुर तथा केंद्र प्रमुख, उपकेंद्र हिंगणा एम.सी.ई.डी. नागपुर), डॉ. विलास आठवले, सुरक्षा प्रभारी, महाराष्ट्र विधानमंडल सचिवालय, मुंबई), रफीक शेख (मिर्ची व्यापारी) और अन्य इष्टमित्रों ने सदिच्छा भेंट दी।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भिवापुर क्षेत्र में रोजगार की गंभीर समस्या का उल्लेख करते हुए नॅशनल फूड प्रोडक्ट्स के संचालक हाजी नासीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि हाजी नासीर ने एम.आई.डी.सी. परिसर में बेकरी उत्पादों का निर्माण कर न केवल भिवापुर के युवाओं बल्कि महिलाओं को भी रोजगार प्रदान किया है।

नॅशनल फूड प्रोडक्ट्स द्वारा शहरवासियों को ताजा और स्वादिष्ट बेकरी उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए उनकी प्रशंसा की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बेकरी का निरीक्षण किया और उसकी गुणवत्ता की सराहना की। इसके अलावा, हाजी नासीर द्वारा एम.आई.डी.सी. परिसर में चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक उपक्रमों पर भी चर्चा की गई। उनकी समाजसेवा और व्यवसाय के प्रति समर्पण के लिए उपस्थित सभी अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर का असर: आईटीआई सावनेर में आरओ प्लांट की मरम्मत

नागपुर मेट्रो समाचार IMPACT

**सावनेर.** प्रसिद्ध दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार और अन्य अखबारों में 25 दिसंबर को "छात्र गंदा पानी पीने को मजबूर" शीर्षक से प्रकाशित खबर का प्रभाव तेजी से हुआ। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सावनेर के संबंधित विभाग और प्राचार्य ने 27 दिसंबर को कई महीनों से बंद पड़े आरओ फिल्टर प्लांट की सफाई कर उसे दुरुस्त किया। इस कदम से छात्रों और छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखा गया।



गौरतलब है कि आईटीआई सावनेर में करीब 350 छात्र विभिन्न विभागों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन छात्रों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना संस्थान के प्राचार्य और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। हालांकि, विभाग की लापरवाही के चलते पिछले कई महीनों से आरओ फिल्टर बंद पड़ा था, जिससे छात्रों को गंदा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा था।

समाजसेवी किशोर ढुंढेले ने इस गंभीर समस्या को लेकर आवाज उठाई और छात्रों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ के मुद्दे पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। उनके प्रयासों और प्रकाशित खबरों के कारण प्रशासन हरकत में आया और जल्द ही आरओ प्लांट को दुरुस्त कर स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई। छात्रों ने इस पहल के लिए समाजसेवी किशोर ढुंढेले का आभार व्यक्त किया और उनके सामाजिक दायित्व को सराहा। अब छात्रों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित होने की आशंका खत्म हो गई है।

## 11 माह में 214 नागरिकों को श्वानों ने बनाया शिकार

**गोंदिया.** श्वनों के चाबने पर महाराष्ट्र के शासकीय रूग्णालय में सिर्फ उपचार मिलता है। अनेकों बार ॲंटिरेबीज टीके का अभाव रहता, परंतु श्वानों के चाबने पर पंजाब और हरियाणा सरकार ने 10 हजार रूपये देने का आदेश दिया है। वहीं दुसरी ओर जिले के कुछ शासकीय अस्पताल छोड़कर श्वानों के चाबने पर उपचार हेतु टीका उपलब्ध नहीं होता। परिणाम स्वरूप उपजिला व जिला शासकीय दवाखाने में उपचार लेना पड़ता है। ग्रामीण भागों में शासकीय दवाखानों में दवाईयों की कमी की सामान्य आम बात हो गई है। जिले में वर्ष 2024 में 11 माह में 214 नागरीकों को श्वानों ने काटा है। पिछले कुछ महिनों में विभिन्न बिमारीयों की दवाईयों का भी प्रश्न निर्माण हुआ है। मरीजों को बाहर से दवाईयों की खरेदी करनी पड़ती है, जिससे एक राज्य में मरीजों को आर्थिक मदत मिलती है, वही दुसरी ओर उपचार मिलना भी कठीन हो जाता है, ऐसी स्थिती है। इससे स्पष्ट होता है की यहां पर अभी तक स्वास्थ्य यंत्रणा सक्षम नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार जिले में लावारिस श्वानों का प्रमाण अधिक है। जिले के किसी न किसी वॉर्ड में नागरीकों को श्वानों ने चाबा है और उन्हें समय पर उपचार भी नहीं मिला है। इसलिये श्वानों का त्वरीत बंदोबस्त किया जाना चाहिए। जिला, उपजिला दवाखानों में ॲंटिरेबीज इंजेक्शनों की कमी हमेशा से बनी रहती है, इसीलिये मरीजों को शीघ्र इलाज हेतु बाहर से इंजेक्शन लाकर अपनी जान बचानी पड़ती है। शहरों में लावरासी घुम रहे श्वानों के बंदोबस्त हेतु नगर परिषद फेल दिखाई देती है। नगर परिषद द्वारा श्वानों की नसबंदी नहीं करने से शहर में श्वानों की संख्या बड़े पैमान पर बड़ गई है। लावारीस श्वानों पर लगाम नगर परिषद कब कसैगी, ऐसा सवाल जनता के मन में उपस्थित हो रहे है। क्यों की हर दिन नागरीकों को अपनी व अपने परिवार की चिंता लगी रहती है।



# बामला स्कूल में बच्चों को पानी पिलाने की योजना पर फिरा पानी,आज तक नहीं हुई चालू

> रसोइंया बच्चों का खाना बनाने ओर पिलाने के लिए हैंडपंप से पानी लाने पर मजबूर

**सौंसर.**

मोहखेड़ विकासखंड में संचालित प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया कराने के उद्देश्य लिए 'जल जीवन मिशन' योजना के तहत लागू की गई योजना मोहखेड़ विकासखंड क्षेत्र के कई स्कूलो में दम तोड़ती नजर आ रही है।

इसी संदर्भ में मीडिया टीम जनशिक्षा केंद्र सारंगबिहरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल बामला पहुचकर पड़ताल की.यहा के प्रायमरी स्कूल में 34 बच्चें पढ़ते है। स्कूल के शिक्षिका श्रीमती दुर्गेश धुर्वे मेड़म के मुताबिक आज तक बच्चों को नलो से पानी नही मिला.उन्होंने आगे बताया कि एक ठेकेदार स्कूल में युनिट हैंडवॉश, तीन पेयजल टंकी व टांका निर्माण के साथ समस्त काम किया गया था.लेकिन वह योजना चालू नही हुई.वही पून:दूसरे ठेकेदार द्वारा फिर से नवीन योजना अंतर्गत उक्त कार्य किया गया. वही नल कनेक्शन भी किया गया किंतु नल में प्रेशर न होने से पानी स्कूल मे नही पहुच पा रहा था.फिर ठेकेदार के द्वारा सीमेंट भरे टांके में टैंकर से पानी डालकर नलजल चालू करवाकर दिखाई गयी.नल से स्कूल पानी न आने के चलते यह योजना बंद है। नलजल योजना पाइपलाइन से स्कूल में पानी न आने के चलते यह योजना शुरू नही हो पायी है. दुर्गेश धुर्वे, प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक स्कूल बामला उक्त गांव में नलजल योजना चालू है.वही स्कूल की बात तो पाइपलाइन से उक्त स्कूल की लंबी दूरी है। इसलिए उन्हें मोटरपंप लगाकर पानी भरना चाहिए.




### बच्चें ओर रसोइयां पानी को लेकर परेशान

शासन की ओर से ही संचालित मध्याह्न भोजन योजना के तहत दोपहर भोजन के बाद पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए घर व हैंडपंप में जाना पड़ रहा है।इसके साथ ही मध्याह्न भोजन के संचालन में भी पेयजल उपलब्धता नहीं होने से रसोइयों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूल़ से 300 मीटर बिछुआ रोड़ पर स्थित हैंडपंप से पानी भरकर लाती है। एक तो भोजन बनाने, बर्तन धुलने व बच्चों की स्वच्छता को लेकर हाथ धोने व पीने के लिए बहुत पानी खर्च होता है जिससे वह पेयजल को लेकर बेहद परेशान है. उन्होंने स्कूल़ में पेयजल कि आपूर्ति शुरू करवाने की गुहार लगाई.

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित

**सावनेर.**



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर भवंस पेरेंट ग्रुप की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रख्यात अर्थशास्त्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश भर में शोक की लहर दौड़ गई। राजकमल चौक, सावनेर में भवंस पेरेंट ग्रुप द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कई समाजसेवियों और राजनीतिक व्यक्तित्वों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मनोज बसवार, जगनाडे सहकारी पत संस्थाके पूर्व अध्यक्ष रमेश घटे, युवा व्यवसायी प्रकाश बालपांडे, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर ढुंढेले, उद्योजक राजुभाऊ बडवाईक, चंद्रशेखर घवड, पूर्व नगरसेवक शफीक सैय्यद, बालु नारनवरे, शिवसेना उबाठा के शहर अध्यक्ष रामभाऊ घाटोडे सहित अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने डॉ. मनमोहन सिंह की कड़ी मेहनत, समर्पण और राष्ट्र की सेवा के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।





## पवार और भटकर का राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल स्पर्धा के प्रबंधक पद पर चयन

**दिग्रस.**





दिग्रस स्थित स्कूल ऑफ स्कॉलर्स और अमोलकचंद महाविद्यालय यवतमाल के शारीरिक शिक्षक प्रा. अभिजीत दिलीप पवार और दिग्रस स्थित विद्यानिकेतन इंग्लिश स्कूल के क्रिडा शिक्षक उमेश भटकर का चयन राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल स्पर्धा के प्रबंधक पद पर हुआ है। उन्हें 2024-25 शालेय राष्ट्रीय रग्बी स्पर्धा तथा स्पर्धापूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए क्रीड़ा मार्गदर्शक और व्यवस्थापक (प्रबंधक) के रूप में नियुक्त किया गया है।

भारतीय शालेय क्रीड़ा महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शालेय रग्बी क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन पटना, बिहार में 19 वर्ष आयु गुट के लिए 24 से 25 दिसंबर और 14 वर्ष आयु गुट के लिए आगामी 1 से 4 जनवरी 2025 को होगा। इसके पूर्व, राष्ट्रीय स्पर्धापूर्व प्रशिक्षण शिविर 19 से 29 दिसंबर तक यवतमाल में आयोजित किया गया है। इस शिविर में प्रशिक्षक के रूप में दिपराज भोसले और देव्यानी मोहेप की नियुक्ति की गई है। उपसंचालक विजय संतान, जिला क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम राठोड, क्रीड़ा अधिकारी सचिन हरणे, संजय कोल्हे, मुख्याध्यापक रीना काले, प्रशासकीय अधिकारी श्रीकांत ठाकरे, रग्बी एसोसिएशन के पदाधिकारी ईश्वर सर, नासिर सर, डॉ. राकेश तिवारी आदि ने शारीरिक शिक्षक उमेश भटकर और प्रा. अभिजीत पवार की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। यह पहली बार है जब यवतमाल में राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल क्रीड़ा स्पर्धा का पूर्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जो जिले के खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा।

